कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के अर्न्तगत संचालित विभिन्न महाविद्यालयों/निदेशालयों/केन्द्रों/विभागों में राज्य सरकार आयोजनेत्तर (नान–प्लान) के पदों पर कार्यरत अधिकारियों/वैज्ञानिकों/शिक्षकों/कार्मिकों का प्रत्येक माह का वेतन समर्थ पोर्टल के माध्यम से तैयार कर कोषागार के माध्यम से भुगतान किये जाने की कार्यवाहो शुरू की जा चुकी है। यह संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों/निदेशालयों/केन्द्रों/विभागों से समर्थ पोर्टल अथवा अन्य माध्यम से वेतन–विपत्र समय से प्रेषित किये जाने में अनावश्यक विलम्ब किया जाता है, जबकि समर्थ पोर्टल के माध्यम से वेतन–विपत्र प्रत्येक माह के 21 तारीख तक प्रत्येक दशा में वित्त नियंत्रक कार्यालय प्रेषित किये जाने हेतु कार्यालय–ज्ञाप सं0 ए.एन.डी.यू.ए.टी.–07/लेखा/कार्या0ज्ञाप/2025/1415 दिनांक–04 नवम्बर, 2025 निर्गत किया जा चुका है इसके पश्चात् भी विश्वविद्यालय कर्मियों को समय से वेतन न मिल पाने की स्थिति पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः समस्त अधिष्ठाता/ निदेशक/ केन्द्राध्यक्षों/ विभागाध्यक्षों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने स्तर से यह सुनिश्चित कर लें कि उनके तथा उनके अधीनस्थ विभागों/केन्द्रों से सम्बन्धित समस्त कार्मिको का प्रत्येक माह का वेतन अनिवार्य रूप सें 21 तारीख तक वित्त नियंत्रक कार्यालय उपलब्ध करा दिया जाय। यदि किसी विभाग द्वारा माह के 21 तारीख तक वेतन विपत्र वित्त नियंत्रक कार्यालय प्रेषित नहीं किया जाता है तो उस विभाग का उस माह का वेतन अग्रिम माह में आहरित किया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित अधिष्ठाता/ निदेशक/ केन्द्राध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष का होगा तथा उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सम्पादित किये जाने की अनुशंसा कर दी जायेगी। विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों/शिक्षकों/वैज्ञानिकों/कार्मिकों के प्रत्येक माह का वेतन भुगतान 01 तारीख तक कराये जाने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व वित्त नियंत्रक का निर्धारित किया जाता है।

उक्त ज्ञाप सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त निर्गत किया जा रहा है।

(सुशान्त श्रीवास्तव)
निदेशक,
प्रशासन एवं परिवीक्षण

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,नरेन्द्रनगर, कुमारगंज, अयोध्या–224229 (उ0प्र)

पत्रांक–ए.एन.डी.यू.ए.टी.–07/लेखा/कार्या0ज्ञाप/2026/456 दिनांक– 15 जून, 2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक।
2. सह अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय कोटवा, आजमगढ़।
3. संयुक्त निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र।
4. निदेशक, आई.क्यू.ए.सी.।
5. वित्त नियंत्रक।
6. कुलसचिव।
7. पुस्तकालयाध्यक्ष, नेहरू पुस्तकालय।
8. समस्त विभागाध्यक्ष द्वारा सम्बन्धित अधिष्ठाता।
9. विभागाध्यक्ष, कृषि सांख्यिकी को इस आशय से कि कृपया उक्त ज्ञाप विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करायें।
10. अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), निर्माण निदेशालय।
11. प्रभारी अधिकारी, परिसर चिकित्सालय/वाहन/सुरक्षा/स्वागत/सम्पत्ति/केन्द्रीय भण्डार।
12. प्रभारी अधिकारी, शोध एवं प्रसार केन्द्र (के0जी0के0) द्वारा सम्बन्धित निदेशक।
13. लेखाकार, स्थापना अनुभाग।
14. गार्ड फाइल/नोटिस बोर्ड।

15.06.2026
(भूपेन्द्र सिंह)
प्रशासनिक अधिकारी